संपादकीय

बाघों को बचाएं

बाघ लगातार मर रहे हैं। कहीं उनका शिकार हो रहा है, कहीं वे दुर्घटना में मारे जा रहे हैं, तो कहीं इंसानी आबादी के बीच आ जाने के कारण लोग उन्हें मार दे रहे हैं। बुधवार को ओडिशा के सतकोसिया वन्यजीव अभयारण्य के अंदरूनी क्षेत्र में महावीर नामक एक बाघ मृत पाया गया। इससे देश में बाघों के पहले अंतरराज्यीय स्थानांतरण को झटका लगा है। महावीर को कुछ ही समय पहले मध्य प्रदेश से ओडिशा लाया गया था और अभी इसकी मौत के कारण का पता नहीं चल पाया है।

इससे पहले 6 नवंबर को बांधवगढ़ से यहां भेजी गई बाघिन सुंदरी को ग्रामीणों द्वारा मारने का प्रयास किया गया था, जो उनके मुताबिक आदमखोर हो चुकी है। इसी गुरुवार को महाराष्ट्र की चिचपल्ली फॉरेस्ट रेंज में हुए एक दर्दनाक हादसे में बाघ के तीन शावक ट्रेन से कटकर मर गए। 2 नवंबर को यवतमाल जिले के पांढरकवड़ा वन क्षेत्र में बाघिन अवनि (टी-1) को मार दिया गया, जिसे लेकर उठा राजनीतिक विवाद अभी थमा नहीं है।

वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन सोसायटी ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक बीते दो साल में देश में 201 बाघों की मौत हुई है, जिनमें 63 का शिकार किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2017 में 116 और 2018 में 85 बाघों की मौत हुई थी। पिछली (2014 की) गणना में देश में बाघों की कुल संख्या 2226 निकली थी। पहले राजा-महाराजा, संपन्न लोग और शिकारी बाघों का शिकार अपनी बहादुरी दिखाने के लिए करते थे लेकिन अभी उनका शिकार तस्करों के लिए किया जाता है।

चीन में बाघ के शरीर के विभिन्न हिस्सों की बड़ी मांग है। वहां इससे पारंपरिक दवाएं बनाई जाती हैं। बाघ के अंगों की कीमत इतनी ज्यादा मिलती है कि तस्कर बाघ मारने के लिए कोई भी तरीका अपनाने को तैयार रहते हैं। बाघों की मौत का दूसरा कारण यह है कि उनके स्वाभाविक आवास क्षेत्र में लगातार कमी हो रही है। जंगल बेतहाशा काटे जा रहे हैं। जो थोड़े-बहुत बचे हैं, उनमें भी मानवीय गतिविधियां चलती रहती हैं। पर्यटन के लिए बीच जंगल में टूरिस्ट स्पॉट बना दिए जाते हैं, जहां लोगों का आना-जाना लगा रहता है।

टाइगर रिजर्व बनाने का प्रयोग भी असफल ही कहा जाएगा। इससे हत्यारों को पता होता है कि यहां तो उन्हें बाघ मिल ही जाएंगे। छोटे से वन क्षेत्र में अक्सर बाघों को खाने के लिए कुछ नहीं मिलता। भूख से बेहाल होकर वे इंसानी बस्तियों की ओर आते हैं, जहां आदमखोर घोषित होकर मारे जाते हैं।

बाघों के मरने का अर्थ यह है कि आहार श्रृंखला में उनसे नीचे के जीव, जैसे हिरण, खरगोश वगैरह और उन्हें जिंदा रखने वाली जंगली वनस्पतियां या तो साफ हो चुकी हैं, या होने वाली हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो उन्हें मारकर हम अपने ही मृत्युपत्र पर हस्ताक्षर कर रहे हैं।

घर का बीमा होने के कई फायदे

नई दिल्ली। एक घर किसी के लिए उसके जीवनकाल का सबसे बड़ा निवेश है, लेकिन केरल में हाल में आई बाढ़ जैसी अप्रत्याशित प्राकृतिक आपदा, आपकी सबसे मूल्यवान संपत्ति को तहस-नहस करके आपको अंधकारमय भविष्य में धकेल सकती है। स्थितियां तब बदतर हो जाती हैं अगर किसी ने होम लोन लेकर घर बनाया हो। इसीलिए विशेषज्ञ कहते हैं कि घर का बीमा जरूर कराना चाहिए।घर के बीमे से मतलब होता है भवन, मशीनरी, स्टॉक्स आदि का बीमा। घर का बीमा होने के कई फायदे होते हैं। जिनमें से मुख्य फायदे हैं-

1. प्रॉपर्टी और सामान के नुकसान की हादसों और प्राकृतिक आपदाओं के समय पूरी सुरक्षा।

2. संपत्ति की चोरी या किसी अन्य दुर्घटना में होने वाले नुकसान से पूरी सुरक्षा। 3. होम इंश्योरेंस पॉलिसी बाकी इंश्योरेंस पॉलिसीज़ की तुलना में काफी सस्ती और आपके बजट में होती है।

4. घर का इंश्योरेंस होने से घर की कोई चिंता नहीं रहती। ऐसे में चोरी, आपदा या हादसा होने पर आप पर बड़ा आर्थिक बोझ भी नहीं पड़ता।

घर के लिए इंश्योरेंस पॉलिसी लेते समय ध्यान रखें कि उससे जुड़े नियम और शर्तों को ध्यान से पढ़ें। आमतौर पर होम इंश्योरेंस में प्राकृतिक और अप्राकृतिक दोनों तरह की आपदाएं शामिल होती हैं। जैसे- आग लगना, बिजली गिरना, दंगे में नुकसान, आंधी, चक्रवात, मिसाइल टेस्टिंग ऑपरेशन, भूकंप (हालांकि कुछ कंपनियां भूकंप की वजह से समुद्र, नदी या झील के ओवरफ्लो होने पर घर को होने वाले नुकसान को नहीं कवर करती हैं, इसलिए पॉलिसी लेते समय ध्यान रखें।), चोरी, डकैती आदि।

किसे लेना चाहिए होम इंश्योरेंस

भले ही मोटर वीइकल्स की तरह होम इंश्योरेंस सभी के लिए कानूनी रूप से अनिवार्य ना हो, लेकिन अगर आपके घर का इंश्योरेंस है तो इससे अच्छी कोई बात हो ही नहीं सकती। एक भ्रम यह भी है कि होम इंश्योरेंस सिर्फ मकान मालिकों के लिए है, जो कि गलत है। आप किराएदार हैं तो भी आप होम इंश्योरेंस ले सकते हैं, जिससे आग लगने या किसी हादसे की दशा में आपके कीमती सामानों के खराब होने पर कोई परेशानी नहीं होगी।

100 रुपये के ये नये नोट देखने में हैं सुन्दर

वर्ष 2016 में इंडियन गवर्नमेंट द्वारा की गयी नोटबंदी के बाद 1000 व 500 रुपये के नोट राष्ट्र में बंद कर दिए गए थे. उन नोटों के बदले गवर्नमेंट ने नए 500 रुपये के नोट व 1000 रुपये के बदले 2000 रुपये के नोट जारी किये थे. बता दें कि इस प्रणाली को जारी रखते हुए केंद्रीय गवर्नमेंट ने नये 100 , 50 व 10 रुपये के नोट जारी किये हैं.हालांकि, इनके पुराने नोट अभी भी चलन में हैं. अब बैंकों ने भी 100 रुपये के नये नोट देने शुरू कर दिए हैं जिसके साथ ही एटीएम में भी नये नोट निकलने लगे हैं. नए नोट देखने में बहुत ज्यादा सुन्दर व बैंगनी रंग का होने के साथ-साथ साइज में पहले के मुताबिक आकाकर में छोटे भी हैं.

असली नकली नोटों की पहचान ऐसे करें

बता दें कि, नये नोटों के चलन में आने के साथ उसके नकली होने की आसार ज्यादा होती है. इसको मद्देनजर रखते हुए सतर्कता आवश्यक है साथ ही आदमी को नोटों के असली-नकली की समझ होनी चाहिए. हाल में भारतीय रिजर्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार 2017-18 में 100 रुपये के सबसे ज्यादा नकली नोट मिले है। ऐसे में आवश्यक है कि लोगों को 100 रुपये के नये नोट की पहचान होनी चाहिए.

'विदेशी धरती पर कोई टीम बेहतर नहीं, फिर भारत पर निशाना क्यों'

टीम इंडिया के मुख्य कोच रवि शास्त्री ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ क्रिकेट सीरीज से पहले भारतीय क्रिकेट टीम को लेकर बड़ा बयान दिया है. शास्त्री ने कहा है कि पिछले कुछ वर्षों में कोई भी टीम विदेशी धरती पर बेहतर साबित नहीं हुई है, फिर भी हर बार भारत को ही निशाना क्यों बनाया जाता है. भारतीय टीम विदेशी सरजमीं पर 'घर पर शेर और बाहर ढेर' के ठप्पे को मिटाने में अब तक विफल रही है, लेकिन शास्त्री का मानना है कि जब ज्यादातर टीमें विदेशी धरती पर अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रही हैं तब किसी एक टीम (भारतीय क्रिकेट टीम) को निशाना बनाना उचित नहीं है. भारत को 2018 में दक्षिण अफ्रीका (1-2) और इंग्लैंड (1-4) के खिलाफ उन्हीं की सरजमीं पर हार का सामना करना पड़ा है. ऐसा तब है जब माना जा रहा था कि यह विराट कोहली की टीम के पास अपने रिकॉर्ड के सुधार करने का शानदार मौका था.

सेल्फी लेने वालों के लिए चेतावनी, एक दिन में 3 सेल्फी से ज्यादा सेल्फाइटिस डिसऑर्डर की निशानी

सेल्फी लेने वालों हो जाओ खबरदार, अब आपके लिए एक बुरी खबर आई है। जी हां जो लोग सेल्फी एडिक्ट होते हैं उनको अब सजग होने क जरुरत है। दरअसल एक रिपोर्ट सामने आई है जिसमे बताया गया कि, जो भी एक दिन में 3 से ज्यादा सेल्फी लेता है वह एक तरह के

डिसऑर्डर से ग्रसित है। इस डिसऑर्डर का नाम सेल्फाइटिस बताया गया। सेल्फी के दीवाने ध्यान दें गौरतलब है कि, आज स्मार्ट फोन के दौर में सेल्फी कैमरे का क्रेज लोगों में जबरदस्त देखने को मिल रहा है। इसी बीच सेल्फी के बढ़ते क्रेज को देखते हुए एक रिसर्च की गई है। इस रिसर्च में हैरान करने वाली बात सामने आई, बताया जा रहा है कि, जो लोग अपने सेल फोन से 3 से ज्यादा सेल्फी लेते हैं वह एक प्रकर की बीमारी की और बढ़ रहे हैं और वह इससे ग्रसित हो रहे हैं। आपकी जानकरी के लिए बता दें कि, यह दिलचस्प आकड़ा लंदन की रिपोर्ट में सामने आया है।

विदेशी मुद्रा भंडार 12 करोड़ डॉलर घटा

नई दिल्ली। देश का विदेशी मुद्रा भंडार नौ नवंबर को समाप्त सप्ताह में 12.12 करोड़ डॉलर घटकर 393.01 अरब डॉलर पर आ गया।

इससे पहले दो नवंबर को समाप्त सप्ताह में यह लगातार पांचवीं साप्ताहिक गिरावट से उबरता हुआ 1.05 अरब डॉलर बढ़कर 393.13 अरब डॉलर रहा था।

देवउठनी एकादशी पर ऐसे करें पूजा, पढ़ें व्रत कथा

कार्तिक माह की शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवउठनी एकादशी कहा जाता है। इसे देवोत्थान एकादशी, देवउठनी ग्यारस, प्रबोधिनी एकादशी आदि के नामों से भी जाना जाता है। इस दिन भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है। वहीं इस दिन शालीग्राम और तुलसी का विवाह भी किया जाता है। इस बार देवउठनी एकादशी 19 नवंबर को है।

एक राजा के राज्य में सभी लोग एकादशी का व्रत रखते थे। प्रजा तथा नौकर-चाकरों से लेकर पशुओं तक को एकादशी के दिन अन्न नहीं दिया जाता था। एक दिन किसी दूसरे राज्य का एक व्यक्ति राजा के पास आकर बोला महाराज! कृपा करके मुझे नौकरी पर रख लें।

तब राजा ने उसके सामने एक शर्त रखी कि ठीक है रख लेते हैं। किन्तु रोज तो तुम्हें खाने को सब कुछ मिलेगा पर एकादशी को अन्न नहीं मिलेगा।उस व्यक्ति ने उस समय 'हां' कर ली, पर एकादशी के दिन जब उसे फलाहार का सामान दिया गया तो वह राजा के सामने जाकर गिड़गिड़ाने लगा- महाराज! इससे मेरा पेट नहीं भरेगा। मैं भूखा ही मर जाऊंगा। मुझे अन्न दे दो।राजा ने उसे शर्त की बात याद दिलाई, पर वह अन्न छोड़ने को राजी नहीं हुआ, तब राजा ने उसे आटा-दाल-चावल आदि दिए। वह नित्य की तरह नदी पर पहुंचा और स्नान कर भोजन पकाने लगा। जब भोजन बन गया तो वह भगवान को बुलाने लगा- आओ भगवान! भोजन तैयार है। उसके बुलाने पर पीतांबर धारण किए भगवान चतुर्भुज रूप में आ पहुंचे और प्रेम से उसके साथ भोजन करने लगे। भोजन करके भगवान अंतर्धान हो गए और वह अपने काम पर चला गया।15 दिन बाद अगली एकादशी को वह राजा से कहने लगा कि महाराज मुझे दुगुना सामान दीजिए।

भारत में शुरू होने वाले हॉकी वर्ल्ड कप के लिए पाकिस्तानी हॉकी टीम को मिला भारत का वीजा

नई दिल्ली। पाकिस्तानी हॉकी टीम को भारत का वीजा मिल गया. भारतीय उच्चायोग ने खिलाड़ियों को वीजा जारी कर दिए. इसके अलावा नए प्रायोजकों ने 28 नवंबर से 16 दिसंबर तक होने वाले टूर्नामेंट में टीम के खर्च के लिए 90 लाख रुपए भी दे दिए. वर्ल्ड कप में 16 टीमें भाग ले रही हैं.पाकिस्तान हॉकी महासंघ के सचिव शाहबाज अहमद ने पुष्टि की कि टीम से जुड़े सभी मसले सुलझ गए हैं. मुख्य कोच तौकीर दर और सहायक कोच दानिश कलीम को हालांकि अभी भी वीजा नहीं मिला है.उन्होंने कहा, 'इन दोनों के आवेदन देर से जमा हुए थे, क्योंकि ये हाल ही में टीम से जुड़े हैं, लेकिन भारतीय उच्चायोग ने कहा कि उन्हें जल्दी ही वीजा दिए जाएंगे.'

आज का राशिफल

मेष: उमंग जायदाद से संबंधित क्षेत्रों में उत्तम लाभ मिलेगा। जो लोग प्रॉपर्टी के कार्य से जुड़े हुए हैं उन्हें फायदा हो सकता है। कार्यक्षेत्र में अधिकारी प्रसन्न होंगे। सरकारी क्षेत्र में सम्मान मिल सकता है।

वृषभ: आप निर्धारत से अपने कार्यों को संपन्न करने में सक्षम रहेंगे। जीवनसाथी के साथ आज बहुत मधुर संबंध रहेंगे। संध्याकाल से रात्रि तक अच्छे वाहन द्वारा यात्रा होने की संभावना है।

मिथुन: औपचारिकता में आज बिल्कुल भी न उलझें, आपको जो खाना हो, जो पहिरना हो, बेहिचक कह देना। यदि आपका धन कहीं रुका हुआ है तो आज मिल सकता है। बुद्धि विवेक से लिए गए निर्णय लाभप्रद रहेंगे।

कर्क: आज कड़ी मेहनत से ही अपने कार्यों में सफल हो सकेंगे। भौतिक सुख-साधनों पर खर्च अधिक होगा। आपके शत्रु अपने षड्यंत्रों में सफल नहीं हो पाएंगे। खुश मिजाज व्यक्ति होने के कारण दूसरे लोग आपसे संबंध बनाने की चाहत रखेंगे।

सिंह: आज आपका समय धार्मिक अनुष्ठानों में व्यतीत होगा। आत्मविश्वास के बल पर किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी। पुराने रुके हुए कार्य कुछ खर्च करने से बन सकते हैं। नई योजनाओं पर आज काम शुरू हो जाएगा। शत्रु आपके पत्र न को देखकर हतोत्साहित होंगे।

कन्या: भाग्य की दृष्टि से आज का दिन अच्छा रहेगा। संतान से शुभ समाचार मिलने के संकेत हैं। वाणी पर संयम रखें। आप अपनी कार्यकुशलता से सर्वत्र विजय, विभूति, सफलता प्राप्त करेंगे।

तुला: शिक्षा की ओर आपकी रुचि बढ़ेगी। नए कार्य सीखने में सफल होंगे। आप अपनी बातों को सत्य साबित करने में सफल रहेंगे। माता-पिता, गुरू के प्रति निष्ठा, भक्ति भाव प्रतिष्ठा वृद्धि में सहायक होगा। संध्याकाल में चोट लगने एवं चोरी होने का भय रहेगा।

वृश्चिक: आज आमदनी से ज्यादा खर्च की स्थिति रहेगी। संतान के द्वारा किए गए श्रेष्ठ कार्यों से आपके मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आप अपने धैर्य तथा प्रतिभा से शत्रु पक्ष पर विजय प्राप्त करने में सफल रहेंगे।

धनु: विद्या-बुद्धि, ज्ञान में वृद्धि होगी। आपके कठिन प्रयासों से इच्छा की पूर्ति होगी। बृहस्पति शासन का प्रतिनिधि है, इसलिए शासन द्वारा आपको सम्मानित किए जाने की प्रबल संभावना है। शुभ व्यय कीर्ति की वृद्धि होगी।

मकर: आज आपको पूर्वजों से धन मिलने की संभावना है। बिना मांगे किसी को सलाह न दें क्योंकि इसका उल्टा ही असर होगा। रात्रि के समय पुण्य कार्य में भाग लेंगे, जिससे आपका मन शांत और प्रसन्न रहेगा।

कुंभ: आमदनी की बढ़ोत्तरी के लिए किए गए प्रयास सत्त प्रतिशत सफल रहेंगे। श्रेष्ठ मार्गों द्वारा प्राप्त धन से कोष वृद्धि होगी। भाग्य की दृष्टि से आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आपको हर क्षेत्र में लाभ की प्राप्ति होगी।

मीन: आज आपकी अपनी संपत्ति में वृद्धि होगी। नवाहात पक्ष से मान सम्मान मिलेगा। जीवनसाथी का पूर्ण सहयोग मिलेगा। नौकरी में शुभ शुभ चुगली करेंगे जिससे संध्याकाल के समय परेशानी हो सकती है।

जानिए रपाइसी एग फ्राइड राइस बनाने की रेसिपी

नई दिल्ली सर्दियों के मौसम में अगर डिनर में गरमा गरम एग फ्राइड राइस खाने को मिले तो मजा ही आ जाए। वैसे तो आप कई चीजों से फ्राइड राइस बना सकते हैं लेकिन जो बात एग फ्राइड राइस में होता है वह और किसी चीज़ में नहीं। यहां पर हम एक बेसिक तरीका बताने वाले हैं, जिससे आप इसे आसानी से घर पर बना सकते हैं। इस एग फ्राइड राइस में आप अपनी इच्छा अनुसार सब्जियां भी डाल सकते हैं। आइये जानते हैं इसे बनाने की विधि

एग फ्राइड राइस बनाने की सामग्री -

1 अंडा, फेंटा हुआ, 1 से 1.5 चम्मच जैतून तेल, 1/2 कप लंबे वाले वाले चावल, 1 छोटा प्याज, मुट्ठी भर पत्तागोभी, 2 लहसुन, मुट्ठीभर हिमला मिर्च, 2 से 3 शेजवान मिर्च, 3/4 से 1, चम्मच लाल मिर्च पेस्ट या पावडर नमक जरूरत अनुसार, 1 चम्मच सोया सॉस, 3/4 चम्मच सिरका, 1/2 चम्मच शक्कर, मिर्च-जरूरत अनुसार, 1 से 2 चम्मच मिर्च

एग फ्राइड राइस बनाने की विधि -

सबसे पहले चावल को पानी में 20 मिनट के लिये भिगो कर रख दें। फिर इसे पका लें और प्लेट पर निकाल कर फैला दें, जिससे वह गीला ना रहे। अब एक पैन में तेल गरम करें, फिर उसमें लहसुन डालें। जब यह हो जाए तब इसमें शलाइस की हुई प्याज, शेजवान पेपर डालें। अब इसमें लाल मिर्च पावडर या पेस्ट डाल कर ऊपर से 1 चम्मच पानी डालें।उसके बाद पैन में सोया सॉस, वेनिगर और शक्कर मिलाएं। इसे तब तक पकाएं जब तक घोल सॉस जैसा ना बन जाए। जब तेल अलग होने लगे, तब उसमें राग्रिन अनियन का सफेद हिस्सा, हिमला मिर्च और परतागोभी मिलाकर करें। इसे 2 से 3 मिनट पकाएं।जब सब्जियां हल्की पक जाएं, तब उसमें फेंटा हुआ अंडा डालें और चलाएं। उसके बाद इसमें चावल, मिर्च पावडर और राग्रिन अनियन मिलाएं। सभी चीजों को मिक्सरा करें और 2 मिनट तक फाई करें। उसके बाद इसे गरमा गरम सर्व करें।

शब्द सामर्थ्य-91

बाएं से दाएं

1. भारत के वर्तमान विदेशमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चित्रल, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

ऊपर से नीचे

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 90 का हल

भू	कं	प		फा	य	दा		स
प		ल	ला	ट		य	ती	म
ति	ल	क		क	न	क		झ
	क्ष्म				रे			
ग	ण	क		सं	श	य		सौ
ह		या	च	क		म	न्न	त
रा	क्ष	स		र	क्ष	क		न
	त्रि				मि			
शा	य	री		का	त	र		गो

सू-दोकू-91

	2		6		8		3	
9		8		3		4		
							5	
5		2			7		6	
	8		4			1		3
				9				
8			9				1	
	5			1		6		2
		1	7				4	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.90 का हल

2	6	3	8	1	4	9	7	5
9	5	4	2	6	7	3	1	8
8	7	1	9	3	5		6	2
6	2	7	5	4	8	4	3	9
3	9	8	6	7	1	2	5	4
4	1	5	3	2	9	6	8	7
5	3	2	4	8	6	7	9	1
1	8	6	7	9	2	5	4	3
7	4	9	1	5	3	8	2	6